रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-04062022-236331
CG-DL-E-04062022-236331

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 394] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 3, 2022/ज्येष्ठ 13, 1944
No. 394] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 3, 2022/JYAISHTHA 13, 1944

खान मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 जून, 2022

सा.का.नि. 415(अ).—केंद्रीय सरकार, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की धारा 10क की उप धारा (2) के खंड (ख) के दूसरे परंतुक के साथ पठित धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम खोज व्यय प्रतिपूर्ति नियम, 2022 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं—(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) अभिप्रेत है;

(ख) "दावा" से आवेदक द्वारा अनुसूची I में दिए गए प्रारूप में खोज व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए प्रस्तुत आवेदन अभिप्रेत है;

(ग) "दावेदार" से दावे का आवेदक जो भूमीक्षण अनुज्ञापत्र और पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति का धारक था और अधिनियम की धारा 10क की उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन, यथास्थिति, पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के पश्चात् खनन पट्टा या खनन पट्टे का अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए अर्जित किया था और जिसका उक्त अधिकार समाप्त हो गया था; और इसमें ऐसे

भूमीक्षण अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के धारक, यथास्थिति, सक्षम न्यायालय के आदेश द्वारा विधिक प्रतिनिधि, विधिपूर्ण समनुदेशिती, विधिपूर्ण अंतरिती या उत्तराधिकारी सम्मिलित है, अभिप्रेत हैं;

(घ) "व्यपगत होने की तारीख" से खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2021 के प्रारंभ होने की तारीख (अर्थात, 28 मार्च, 2021), जब अधिनियम की धारा 10क की उप धारा (2) के खंड (ख) के अधीन, यथास्थिति, खनन पट्टे के बाद पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के पश्चात् खनन पट्टा या खनन पट्टा अभिप्राप्त करने के लिए भूमीक्षण अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति धारक का अधिकार उक्त खंड के दूसरे परंतुक के अधीन समाप्त हो गया था अभिप्रेत है।

(ङ) "प्रारूप " से इन नियमों के साथ उपाबद्ध अनुसूची में दिए गए प्रारूप अभिप्रेत हैं।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त है, किंतु परिभाषित नहीं है, वही अर्थ होंगे जो इस अधिनियम या इसके अधीन बनाये गए नियमों में है।

3. प्रयोज्यता. — (1) ये नियम केवल ऐसे रियायत धारकों या आवेदकों पर लागू होंगे, जिन्होंने अधिनियम की धारा 10क की उप धारा (2) के खंड(ख) के अधीन, यथास्थिति, पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने के पश्चात् खनन पट्टा या खनन पट्टा अभिप्राप्त करने के लिए अधिकार उपार्जित था और जिसका उक्त अधिकार व्यपगत होने की तारीख को समाप्त हो गया है।

अध्याय 2

दावा प्रक्रिया

4. खोज व्यय के लिए दावा —(1) कोई भी दावेदार, राज्य सरकार को भूमीक्षण या पूर्वेक्षण संक्रियाओं के लिए किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास को सूचित करते हुए इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर इन नियमों की अनुसूची I में दिए गए प्रारूप में दावा प्रस्तुत कर सकता है:

परंतु ऐसे मामलों में जहां अनुज्ञापत्र या अनुज्ञप्ति की अवधि व्यपगत होने की तारीख से पहले समाप्त नहीं हुई थी —

(क) दावेदार अनुज्ञापत्र या अनुज्ञप्ति की अवधि की समाप्ति या इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर, जो भी बाद में हो, दावा प्रस्तुत कर सकता है; या

(ख) दावेदार राज्य सरकार को ऐसे अनुज्ञापत्र या अनुज्ञप्ति को अभ्यर्पित करने के पश्चात् व्यपगत होने की तारीख तक, ऐसे अभ्यर्पण या इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख से एक वर्ष के भीतर, जो भी बाद में हो, अपने द्वारा उपगत व्यय का दावा प्रस्तुत कर सकता है।

(2) दावेदार अपने दावे के आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न करेगा, अर्थात्:-

(क) प्रारंभ किए गए खोज कार्यकलापों के लिए उपगत संदाय या व्यय को सिद्ध करने के लिए आवश्यक दस्तावेज, जैसे बैंक विवरण, डिस्चार्ज संदाय पर्ची, निपटान की पावती के साथ वाउचर या बीजक, या संदाय की रसीदों या ऐसे अन्य दस्तावेज; और

(ख) चार्टर्ड एकाउंटेंट का इस संबंध में प्रमाण पत्र कि दावा उसके द्वारा सम्यक रूप से सत्यापित किया गया है।

(3) राज्य सरकार उप नियम (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के पश्चात् प्रस्तुत किए गए दावों के साथ आगे नहीं बढ़ेगी:

परंतु यदि देरी के कारण दावेदार के नियंत्रण से परे थे तो राज्य सरकार दावा दायर करने के लिए एक और वर्ष की अवधि की अनुमति दे सकती है।

5. राज्य सरकार द्वारा सत्यापन—(1) दावे का आवेदन प्राप्त होने पर, राज्य सरकार निम्नलिखित का सत्यापन करेगी, अर्थात्:—

(क) दावेदार भूमीक्षण अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति का धारक था जिसने अधिनियम की धारा 10क की उपधारा (2) के खंड(ख) के अधीन, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने के पश्चात् खनन पट्टा या खनन पट्टा प्राप्त करने का अधिकार अर्जित किया था और जिसका उक्त अधिकार व्यपगत होने की तारीख को समाप्त हो गया है; या वह भूमीक्षण अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के धारक का, यथास्थिति, सक्षम न्यायालय के आदेश द्वारा विधिक प्रतिनिधि, विधिपूर्ण समनुदेशिती, विधिपूर्ण अंतरिती या उत्तराधिकारी है; और

(ख) दावेदार ने राज्य सरकार की संतुष्टि के लिए, -

i) केंद्रीय सरकार द्वारा यथा अधिकथित मापदंडों के अनुसार ऐसी भूमि में खनिज सामग्री की विद्यमानता को स्थापित करने हेतु, यथास्थिति, भूमीक्षण संक्रियाएं या पूर्वेक्षण संक्रियाएं की हैं;

ii) भूमीक्षण अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के निबंधनों और शर्तों का कोई उल्लंघन नहीं किया है;

iii) अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन अपात्र नहीं होना; और

iv) पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे के अनुदान के लिए भूमीक्षण अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति की समाप्ति के पश्चात् तीन मास की अवधि के भीतर, यथास्थिति, या ऐसी और छह मास से अनधिक की अवधि के भीतर जो राज्य सरकार द्वारा बढ़ाया जा सकता है, आवेदन करने में विफल नहीं हुआ हो।

परंतु ऐसे मामले में जहां अनुज्ञापत्र या अनुज्ञप्ति की अवधि व्यपगत होने की तारीख से पहले समाप्त नहीं हुई थी और दावेदार ने नियम 4 के उप नियम (1) के परंतुक के खंड (क) के अधीन अनुज्ञापत्र या अनुज्ञप्ति की समाप्ति के पश्चात् दावा प्रस्तुत किया है, खंड (iv) में विनिर्दिष्ट शर्त लागू नहीं होगी:

परंतु यदि अनुज्ञापत्र या अनुज्ञप्ति की अवधि व्यपगत होने की तारीख से पहले समाप्त नहीं हुई थी और दावेदार ने नियम 4 के उप नियम (1) के परंतुक के खंड (ख) के अधीन व्यपगत होने की तारीख तक उसके द्वारा उपगत व्यय का दावा प्रस्तुत किया है, राज्य सरकार सत्यापित करेगी कि दावेदार द्वारा खंड (i) से (iii) में विनिर्दिष्ट शर्तों का अनुपालन किया गया था, जहां तक व्यावहारिक हों, और खंड (iv) में विनिर्दिष्ट शर्त लागू नहीं होगी।

(2) उपनियम (1) के अनुसार सम्यक सत्यापन के पश्चात्, और यह समाधान हो जाने पर कि दावेदार को खनन पट्टा के बाद पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टा, यथास्थिति, अभिप्राप्त करने का अधिकार था, व्यपगत होने की तारीख से पहले, राज्य सरकार दावे को इसके अनुबंधों और अन्य सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति को अग्रेषित कर सकती है।

6. प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति - राज्य स्तर पर एक प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:—

(क) अध्यक्ष के रूप में, अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव या राज्य के खनन और भूविज्ञान के प्रभारी सचिव;

(ख) उप महानिदेशक (राज्य इकाई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण;

(ग) संबंधित क्षेत्र के क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो;

(घ) राज्य सरकार के वित्त विभाग के प्रतिनिधि;

(ड.) राज्य सरकार के निदेशालय या खनन और भूविज्ञान विभाग में निदेशक (चाहे वह किसी भी नाम से जाना जाता हो), सदस्य सचिव के रूप में; और

(च) अपर निदेशक, खोज और अनुसंधान के लिए परमाणु खनिज निदेशालय, परमाणु खनिजों के मामले में सहयोजित किया जाएगा।

7. प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति द्वारा दावे का निर्धारण—(1) नियम 5 के अधीन राज्य सरकार से दावा प्राप्त होने पर प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति व्यपगत होने की तारीख को तत्समय प्रवृत्त नियमों के अनुसार यथास्थिति अनुज्ञापत्र धारक या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा, किए गए कार्य की परीक्षा करेगी।

(2) परीक्षा में यथास्थिति अनुज्ञापत्र धारक या अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार किए गए कार्य का तकनीकी मूल्यांकन, अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियम के अनुसार किए गए भूमीक्षण या पूर्वेक्षण संक्रियाओं के अनुक्रम के दौरान; इस प्रकार किए गए कार्य को करने की आवश्यकता; प्रत्येक मद की तर्कसंगतता और लागू विद्यमान नियमों का पालन भी सम्मिलित होगा ।

(3) प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति, दावेदार द्वारा खोज क्रियाकलापों पर उपगत पर वास्तविक व्यय के आधार पर प्रतिपूर्ति रकम का निर्धारण करेगी और उक्त प्रतिपूर्ति रकम केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट ऐसे प्राधिकरणों के प्रभारों की अनुमोदित अनुसूची में दी गई रकम से अधिक नहीं होगी:

परन्तु प्रभारों की अनुसूची के अधीन नहीं आने वाले विशेष अध्ययनों जैसे हवाई भू भौतिकीय सर्वेक्षण या इसी तरह के लिए प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण या खनिज खोज निगम लिमिटेड या किसी अन्य सरकारी अभिकरण द्वारा किए गए समान कार्य के आधार पर उचित प्रतिपूर्ति की सिफारिश कर सकती है।

(4) प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति, यदि अपेक्षित हो, दावेदार से अपने दावे के संबंध में स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी मांग सकती है और समिति द्वारा अपने निर्धारण में दावा की गई रकम को कम या अस्वीकार किए जाने की स्थिति में दावेदार को सुनवाई का एक युक्तियुक्त अवसर देगी।

(5) समिति द्वारा निर्धारित रकम में पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे के लिए आवेदन जमा करने की तारीख से, यथास्थिति, इन नियमों के प्रारम्भ होने की तारीख तक छह प्रतिशत वार्षिक की दर से साधारण ब्याज जोड़ा जाएगा।

6) प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति उपधारा (5) के अधीन संगणित ब्याज सहित यथा निर्धारित दावेदार को देय प्रतिपूर्ति रकम को विनिर्दिष्ट करते हुए अपनी निर्धारण रिपोर्ट राज्य सरकार को अग्रेषित करेगी।

अध्याय 3

आपूर्ति और प्रतिपूर्ति का भुगतान

8. प्रतिपूर्ति—(1) प्रतिपूर्ति मूल्यांकन समिति से निर्धारण रिपोर्ट प्राप्त होने पर, राज्य सरकार उस पर अपनी सिफारिशों सहित रिपोर्ट को अधिनियम की धारा 9ग के अधीन स्थापित राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास को अग्रेषित करेगी।

(2) नियम 5 के अधीन राज्य सरकार द्वारा दावे के सत्यापन, प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति द्वारा नियम 7 के अधीन निर्धारण और राज्य सरकार द्वारा उपनियम (1) के अधीन अनुमोदित निर्धारण रिपोर्ट को न्यास को अग्रेषित करने की पूरी प्रक्रिया नियम 4 के अधीन प्राप्त दावा के तीन मास की अवधि के भीतर पूरी की जाएगी।

(3) राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास की तकनीकी-सह-लागत समिति यह सत्यापित करेगी कि प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित प्रतिपूर्ति रकम नियम 7 के उपनियम (3) के अनुसार है या नहीं और जो अपेक्षित हो ऐसी उपांतरण के साथ देय प्रतिपूर्ति रकम को अंतिम रूप देगी।

परन्तु नियम 5 के अधीन राज्य सरकार द्वारा सत्यापित दावेदार की पात्रता अंतिम होगी।

(4) राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास, ऐसे सत्यापन के पश्चात, नियम 7 के उप-नियम (5) के अनुसार संगठित न्यास के साथ प्रतिपूर्ति की जाने वाली अंतिम रकम को, न्यास के पास निधि की उपलब्धता के अध्याधीन राज्य सरकार से निर्धारण रिपोर्ट प्राप्त होने के तीन मास के भीतर राज्य सरकार के निदेशालय या खनन और भूविज्ञान विभाग में निदेशक (चाहे वह किसी भी नाम से ज्ञात हो) के पक्ष में जारी कर सकता है।

(5) राज्य सरकार के निदेशालय या खनन और भूविज्ञान विभाग में निदेशक (चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो) राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास से रकम की प्राप्ति के एक मास के भीतर दावेदार को अंतिम रकम जारी करेगा।

9. प्रतिपूर्ति— (1) किसी क्षेत्र के संबंध में किसी दावे के लम्बित होते हुए भी राज्य सरकार अधिनियम की धारा 10क की उप-धारा (घ) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार ऐसे क्षेत्र के संबंध में खनिज रियायतें प्रदान करने के लिए प्रक्रिया शुरू करेगी।

(2) अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन आने वाले क्षेत्र के संबंध में समेकित अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे की नीलामी के मामले में जहां—

(i) इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख के पश्चात निविदा आमंत्रित करने की सूचना जारी की जाती है; और

(ii) निविदा आमंत्रित करने की सूचना जारी की गई है किंतु बोलियां जमा करने की अंतिम तारीख इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख के पश्चात पड़ रही है,

निम्नलिखित शर्तें निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट नीलामी शर्तों का भाग मानी जाएंगी, अर्थात् :—

(क) अधिमानित बोलीदाता प्रतिपूर्ति की गई रकम या निष्पादन व्यय के लिए प्रतिपूर्ति की जाने वाली राशि को अग्रिम भुगतान की पहली किस्त के साथ जमा करेगा या, यथास्थिति, राज्य सरकार को निष्पादन सुरक्षा, यदि राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास की तकनीकी-सह-लागत समिति द्वारा अंतिम रूप दिया गया है; या

(ख) अधिमानित बोलीदाता राज्य सरकार को राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास की तकनीकी-सह-लागत समिति द्वारा इसे अंतिम रूप देने के एक मास के भीतर राज्य सरकार के साथ खोज व्यय की प्रतिपूर्ति की जाने वाली रकम जमा करने के लिए लिखित रूप में एक वचनबद्धता देगा, यदि रकम को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है ;

(ग) अधिमानित बोलीदाता लिखित रूप में एक अतिरिक्त रकम खोज व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए प्रस्तुत करने के लिए वचनबद्धता भी देगा, जिसे पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा उपांतरित या संशोधित किया जा सकता है; और

(3) उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट शर्तों का अनुपालन न करने की स्थिति में, राज्य सरकार अग्रिम संदाय या निष्पादन सुरक्षा की पहली किस्त को जब्त करने, यथास्थिति और खनिज (नीलामी) नियम, 2015 के अनुसार कोई अन्य कार्रवाई करने के लिए कार्रवाई करेगी।

परंतु परमाणु खनिजों के संबंध में जहां ऐसे खनिज की श्रेणी परमाणु खनिज रियायत नियम, 2016 की अनुसूची क में केंद्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारंभिक मूल्य के बराबर या उससे अधिक है, उप-नियम (2) में उल्लिखित शर्तों को खनिज रियायत देने के लिए पूर्व-शर्तों के रूप में विनिर्दिष्ट किया जाएगा ।

(4) उप नियम (2) में विनिर्दिष्ट अधिमानित बोलीदाता से खोज व्यय की प्रतिपूर्ति या प्रतिपूर्ति की जाने वाली रकम प्राप्त होने पर, राज्य सरकार पट्टा विलेख पर हस्ताक्षर करने से पहले या इसकी प्राप्ति होने के एक मास के भीतर, जो भी बाद में हो, इसे राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास निधि में जमा करेगी।

(5) यदि नीलामी समाप्त हो गई है या इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख से पहले बोली जमा करने की अंतिम तारीख समाप्त हो गई है, तो राज्य सरकार खनिज (नीलामी) नियम, 2015 के नियम 13 के उपनियम (2) के अधीन पट्टेदार द्वारा जमा की गई लागू रकम (नीलामी प्रीमियम) से राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास निधि में इन नियमों के अधीन प्रतिपूर्ति की गई या प्रतिपूर्ति की जाने वाली रकम को जमा करेगी।

(6) राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास इन नियमों के अधीन प्रतिपूर्ति के वितरण के लिए खान मंत्रालय में केंद्रीय सरकार से अतिरिक्त अनुदान के लिए अनुरोध कर सकता है।

(7) राज्य सरकार अधिमानित बोलीदाता को खोज के अन्य सबूतों जैसे संरक्षित कोर, लिथोग्राफ, कोर फोटोग्राफ, ड्रिल लॉग-बुक और इसी तरह के, यदि उपलब्ध हो या क्षेत्र की कोई भूवैज्ञानिक अध्ययन रिपोर्ट और दावेदार द्वारा प्रस्तुत ऐसे अन्य दस्तावेज के साथ रिपोर्ट सौंपेगी ।

10. पुनरीक्षण- राज्य सरकार या उसके अधीन किसी प्राधिकरण या प्रतिपूर्ति निर्धारण समिति या राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास की तकनीकी-सह-लागत समिति द्वारा किए गए निर्धारण, सत्यापन या आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति अधिनियम की धारा 30 के अधीन पुनरीक्षण के लिए केंद्रीय सरकार के पुनरीक्षण प्राधिकरण को आवेदन कर सकता है।

अनुसूची-I

दावा प्रस्तुत करने के लिए प्रारूप

[नियम 4(1)देखें]

	भाग-क **सामान्य सूचना**	
क्र. सं.	**मदों के ब्यौरे**	**विशिष्टियां**
(1)	**(2)**	**(3)**
1	खनिज रियायत का प्रकार: भूमीक्षण अनुज्ञापत्र / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति	
2क	खनिज रियायत धारक का नाम	
	दावेदार की विधिक प्रास्थिति (मुख्तारनामा/शपथपत्र/रजिस्ट्रीकृत विलेख)	
	(क) पत्राचार का पता:	
	(ख) दूरभाष नम्बर (कार्यालय):	
	(ग) फैक्स नम्बर (कार्यालय):	

	(घ) मोबाईल नम्बर	
	(ङ) दूरभाष नम्बर. (आवास):	
	(च) ई-मेल आईडी:	
2ख	इकाई विवरण	
	नाम	
	पैन नम्बर	
	आईटीआर ब्यौरे (खोज की अवधि के लिए)	
	आधार नम्बर	
	जीएसटी/ सेवा कर नम्बर	
	टिन नम्बर	
	पता	
	बैंक ब्यौरे	
3क	खनिज रियायत के ब्यौरे	
	(क) राज्य:	
	(ख) जिला:	
	(ग) तालुका:	
	(घ) गांव:	
	ब्लॉक का नाम	
	क्षेत्रफल हैक्टेयर में.	
	भारत स्थालाकृतिक सर्वेक्षण सं.:	
	खनिज	
	ब्लॉक की स्थिति (सभी कोने बिंदुओं का अक्षांश देशांतर, क, ख, ग, घ आदि)	क) अक्षांश--- देशांतर ---; ख) अक्षांश --- देशांतर ---;
		ग) अक्षांश--- देशांतर ---; घ) अक्षांश.--- देशांतर ---; ङ) अक्षांश. ----, देशांतर ---
3क	प्रशासनिक ब्यौरे	
	अनुदान के लिए आदेश जारी करने या आशय पत्र जारी करने की तारीख	
	भूमीक्षण अनुज्ञापत्र /पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के निष्पादन की तारीख	
	भूमीक्षण अनुज्ञापत्र /पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति की अवधि	प्रेषक:
		प्रेषित:
	भूमीक्षण अनुज्ञापत्र / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण की तारीख यदि कोई हो और अवधि	प्रेषक:
		प्रेषित:
	अंतिम भूमीक्षण अनुज्ञापत्र / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख	
	श्रेणी और टन भार के साथ	

	अनुमानित संसाधन	
	संसाधन की श्रेणी (यूएनएफसी के अनुसार)	
	अभिकरण द्वारा सिफारिश	
	क्या भूमीक्षण अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति धारक को पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टे के अनुदान के लिए एक आवेदन, यथास्थिति, 12 जनवरी, 2015 से पहले प्रस्तुत किया गया है {धारा 10क(2)(ख)के उप खंड (i) का अनुपालन} टिप्पणियां	
	प्रिंट किया गया	
	द्वारा प्रिंट किया गया	
	द्वारा तैयार किया:	द्वारा जांचा गया: द्वारा अनुमोदित किया:
		नाम और हस्ताक्षर

टिप्पण: भूमीक्षण अनुज्ञापत्र के अधीन की गई भूमीक्षण संक्रियाओं और पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के अधीन की गई पूर्वेक्षण संक्रियाओं के लिए अलग भाग-क उपबंधित करें।

भाग- ख

खोज कार्यकलापों का विवरण

क्र सं.	**कार्यकलाप**	**इकाई**	**प्रस्तावित**	**प्राप्त किया गया**	**इकाई लागत**	**दस्तावेजी प्रमाण के साथ किया गया वास्तविक व्यय**	**आरपी/पीएल* रिपोर्ट में संदर्भ/पृष्ठ संख्या**	**टिप्पणियां**
1	हवाई भू-भौतिकीय अध्ययन							
	(क) हवाई गुरूत्व							
	(ख) हवाई चुंबकीय							
	(ग) हवाई चुंबकीय (उच्च वियोजन)							
	(घ) हवाई विद्युत-चुंबकीय (एईएम)							
2	सुदूर संवेदन अध्ययन							
	(क)							

क्र सं.	कार्यकलाप	इकाई	प्रस्तावित	प्राप्त किया गया	इकाई लागत	दस्तावेजी प्रमाण के साथ किया गया वास्तविक व्यय	आरपी/पीएल* रिपोर्ट में संदर्भ/पृष्ठ संख्या	टिप्पणियां
	(ख)							
	(ग)							
	(घ)							
3	भूकंपीय सर्वेक्षण्							
4	2डी भूकंपीय परावर्तन सर्वेक्षण							
5	3डी भूकंपीय परावर्तन सर्वेक्षण							
6	डीएसआरएस सर्वेक्षण							
7	जीपीआर सर्वेक्षण							
8	स्थलाकृतिक सर्वेक्षण	माप:						
		कवर किया गया क्षेत्र (वर्ग किमी/हेक्टेयर)						
9	भूवैज्ञानिक मानचित्रण	माप:						
		कवर किया गया क्षेत्र (वर्ग किमी/हेक्टेयर)						
10	सतह / भू-रासायनिक नमूना	कवर किया गया क्षेत्र (वर्ग किमी/हेक्टेयर)						
	(क) आधार-शैल							
	(ख) मृदा							
	(ग) धारा तलछट							
	(घ) जलांतराल नमूना							
	(ङ) अन्य कोई							
11	गर्तन	सं.:						
		उत्खनन: सीबीएम						
		नमूना						
12	खाई खोदना	सं.:						
		उत्खनन: सीबीएम						
		नमूना						
13	सतत भू-भौतिकीय कार्य							

क्र सं.	कार्यकलाप	इकाई	प्रस्तावित	प्राप्त किया गया	इकाई लागत	दस्तावेजी प्रमाण के साथ किया गया वास्तविक व्यय	आरपी/पीएल* रिपोर्ट में संदर्भ/पृष्ठ संख्या	टिप्पणियां
	सर्वेक्षण का प्रकार							
	(क) गुरुत्वाकर्षण पद्धति							
	(ख) चुंबकीय पद्धति							
	(ग) स्व-संभावित पद्धति							
	(घ) प्रेरित ध्रुवीकरण पद्धति							
	(ङ) विद्युत प्रतिरोधकता पद्धति							
	(च) प्रतिरोधकता रूपरेखा/प्रतिबिंब							
	(छ) विद्युत चुंबकीय सर्वेक्षण							
	(ज) मैग्नेटो-टेलुरिक (एमटी) सर्वेक्षण							
	(I) अन्य कोई							
14	वेधन							
	(क) कोर	एमटी						
	(ख) गैर कोर	एमटी						
15	भूभौतिकीय लॉगिंग							
	(क) आधार लॉग							
	(ख) एसपी							
	(ग) प्रतिरोधकता							
	(घ) दोहरी घनत्व							
	(ङ) गामा-गामा							
	(च) न्यूट्रॉन							
	(छ) केलीपर							
	(ज) प्राकृतिक गामा							
	(झ) एसपीआर							
	(ञ) केंद्रित प्रतिरोधकता							
	(ट) श्रवण संबंधी							
	(ठ) तापमान और द्रव चालन							
	(ड) विचलन							
	(ढ) एचआर ध्वनिक टेलीव्यूअर (वेध-छिद्र में)							
	(ण) वर्णक्रमीय गामा (वेध-छिद्र में)							
	(त) आईपी (वेध-छिद्र में)							
	(थ) चुंबकीय संवेदनशीलता (वेध-छिद्र में)							

क्र सं.	कार्यकलाप	इकाई	प्रस्तावित	प्राप्त किया गया	इकाई लागत	दस्तावेजी प्रमाण के साथ किया गया वास्तविक व्यय	आरपी/पीएल* रिपोर्ट में संदर्भ/पृष्ठ संख्या	टिप्पणियां
	(द) उथला होल तापमान							
	(ध) वेध-छिद्र भू-भौतिकीय लॉगिंग							
16	रासायनिक विश्लेषण							
	(क) वेट रासायनिक विश्लेषण							
	(ख) एएएस पद्धति							
	(ग) आईसीपी-एमएस/ओईएस पद्धति							
	(छ) एक्स आर एफ तकनीकी							
	(ज) कोई अन्य पद्धति							
17	प्रस्तर विज्ञान-विषयक अध्ययन							
	(क) चट्टान का पतला खंड							
	(ख) परिष्कृत अनुभाग							
	(ग) तरल द्वारा भारी खनिज पृथक्करण							
	(घ)धारा तलछट के नमूनों से भारी खनिजों का पृथक्करण							
	(ड.) समुद्र तट रेत खनिज (बीएसएम) नमूने का खनिज अध्ययन							
	(च) कोई अन्य							
18	ईपीएमए / एसईएम अध्ययन							
19	खनिजों की पहचान के लिए एक्सआरडी विश्लेषण							
20	सज्जीकरण अध्ययन के लिए नमूना							
21	भू-तकनीकी अध्ययन							
22	रिपोर्ट तैयार करना							
23	मात्रा, श्रेणी और प्रवर्ग के साथ स्थापित संसाधन, यदि कोई हो							
24	यदि खनन पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन किया गया था तो जी2 स्तर के अधीन स्थापित संसाधन और भंडार स्थापित करने वाली पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की गई है या नहीं।							

क्र सं.	कार्यकलाप	इकाई	प्रस्तावित	प्राप्त किया गया	इकाई लागत	दस्तावेजी प्रमाण के साथ किया गया वास्तविक व्यय	आरपी/पीएल* रिपोर्ट में संदर्भ/पृष्ठ संख्या	टिप्पणियां
25	कोई अन्य जिसे धारक विनिर्दिष्ट करना चाहे							
	द्वारा तैयार :			द्वारा जाँचा गया :			द्वारा अनुमोदित:	

टिप्पण: भूमीक्षण अनुज्ञापत्र के अधीन की गई भूमीक्षण संक्रियाओं और पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के अधीन की गई पूर्वेक्षण संक्रियाओं के लिए अलग भाग-ख प्रदान करें।

भाग- ग

अनुपालन ब्यौरे

1. धारा 10क (2) (ख) के उपखंड (ii) का अनुपालन (अर्थात् अनुज्ञापत्र धारक या अनुज्ञप्ति धारी ने भूमीक्षण अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति के निबंधनों और शर्तों का उल्लंघन नहीं किया है)

(क) खनिज रियायत नियम, 1960 के नियम 7 के उपबंधों का अनुपालन (भूमीक्षण अनुज्ञापत्र धारकों के लिए लागू)

उपनियम / खंड	शर्तें	अनुपालन	टिप्पणियां
7 (i)	दो वर्ष पूरे होने के पश्चात और तीन वर्ष पूरे होने के पश्चात क्षेत्र का आवधिक त्याग		
7 (ii)	अनुदान आदेश में विनिर्दिष्ट न्यूनतम व्यय प्रतिबद्धता और विशिष्ट वास्तविक लक्ष्यों का पालन		
7 (iii)	राज्य सरकार, जीएसआई और आईबीएम को सभी डेटा उपलब्ध कराना		
7 (v)	भूमीक्षण अनुज्ञापत्र धारक द्वारा खातों का रख-रखाव		
7 (vi)	राज्य सरकार को छमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करना (जिस अवधि से वह संबंधित है, उसकी समाप्ति के तीन मास के भीतर)		
7 (xi)	प्रत्येक वर्ष अनुज्ञापत्र शुल्क का संदाय		
7 (2)	भूमीक्षण अनुज्ञापत्र में ऐसी अन्य शर्तें अंतर्विष्ट हो सकती हैं जो केंद्रीय सरकार द्वारा लगाई जा सकती हैं		

7 (3)	राज्य सरकार केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से अनुज्ञापत्र में शर्तें लगा सकती है जिन्हें वह खनिज विकास के हित में आवश्यक समझे		

(ख) खनिज रियायत नियम, 1960 के नियम 14, 16 और 18 के उपबंधों का अनुपालन (पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति धारकों के लिए लागू)

नियम/ उपनियम /खंड	शर्तें	अनुपालन	टिप्पणियां
14(1)(i)	प्रत्येक वर्ष या वर्ष के किसी भाग में पूर्वेक्षण शुल्क का संदाय		
16(1)	राज्य सरकार को छमाही रिपोर्ट प्रस्तुत करना (जिस अवधि से वह संबंधित है, उसकी समाप्ति के तीन मास के भीतर)		
16(2)	राज्य सरकार को पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करना (अनुज्ञप्ति की समाप्ति या परित्याग या समाप्ति के तीन मास के भीतर)		
18	पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति धारक द्वारा लेखाओं का रख-रखाव		

(ग) एमसीडीआर, 1988 के उपबंधों का अनुपालन: भूमीक्षण अनुज्ञापत्र और पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति धारकों के लिए लागू

नियम और प्रावधान	नियम के अनुसार प्रस्तुत करने की देय तारीख	आईबीएममें प्राप्ति की तारीख	टिप्पणी
नियम 3क/4: भूमीक्षण योजना/पूर्वेक्षण योजना	निष्पादन की तारीख से 60 दिनों के भीतर।		
नियम 3ख/5: भूमीक्षण योजना में उपांतरण/पूर्वेक्षण योजना में उपांतरण	अपेक्षानुसार		
नियम 3घ/7: भूमीक्षण /पूर्वेक्षण संक्रियाओं के प्रारंभ होने की सूचना	भूमीक्षण संक्रियाओं के प्रारंभ होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर		
नियम 3ड./8: पहले वर्ष की रिपोर्ट	निष्पादन की तारीख से प्रत्येक वर्ष की समाप्ति के 30 दिनों के भीतर		
नियम 3ड./8: दूसरे वर्ष की रिपोर्ट	निष्पादन की तारीख से प्रत्येक वर्ष की समाप्ति के 30 दिनों के भीतर		
नियम3ड./8: तीसरे वर्ष की रिपोर्ट	निष्पादन की तारीख से प्रत्येक वर्ष की समाप्ति के 30 दिनों के भीतर		

2. धारा 10क (2)(ख) के उपखंड (iii) का अनुपालन (अर्थात अनुज्ञापत्र धारक या अनुज्ञप्ति धारी इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन अपात्र नहीं है)

अधिनियम की धारा 5(1) के अनुपालन में एक शपथ-पत्र प्रस्तुत करना।
3. धारा 10क (2) (ख) के उपखंड (iv) का अनुपालन (अर्थात अनुज्ञापत्र धारक या अनुज्ञप्ति धारी, भूमीक्षण अनुज्ञापत्र या पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति, यथास्थिति, की समाप्ति के पश्चात, तीन माह की अवधि के भीतर या ऐसी और अवधि के भीतर जो राज्य सरकार द्वारा यथा विस्तारित, छह माह से अधिक न हो, पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टा, यथास्थिति, प्रदान करने के लिए आवेदन करने में विफल नहीं हुआ है)

अधिनियम की धारा 5(1) के अनुपालन में शपथ-पत्र प्रस्तुत करना।			
द्वारा तैयार :	द्वारा जाँचा गया :		द्वारा अनुमोदित :

भाग-घ

उपाबंधों के ब्यौरे

क्र.सं.	मद	उपलब्ध (हां/नहीं)	उपाबंध संख्या
1	भूमीक्षण अनुज्ञापत्र आवेदन		
2	आबंटन पत्र / आशय का पत्र		
3	राज्य सरकार के साथ भूमीक्षण अनुज्ञापत्र विलेख/ समझौता		
4	प्रगतिशील अर्धवार्षिक रिपोर्ट		
5	अंतिम भूमीक्षण अनुज्ञापत्र रिपोर्ट		
6	पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन		
7	पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति खोज योजना		
8	आबंटन पत्र / आशय पत्र		
9	राज्य सरकार के साथ पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति विलेख/ समझौता		
10	प्रगतिशील रिपोर्ट		
11	अंतिम पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति / भू वैज्ञानिक रिपोर्ट		
12	खनन पट्टे के लिए आवेदन		
13	भूमीक्षण अनुज्ञापत्र को पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति को खनन पट्टे में परिवर्तित करने का आवेदन		

14	प्रत्येक वर्ष अनुज्ञापत्र शुल्क की संदाय रसीद		
15	आईटीआर ब्यौरे (खोज की अवधि के लिए)		
16	एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 10क (2)(ख) के अधीन अर्हता के लिए दावेदार का स्व-प्रमाणन		
द्वारा तैयार :		द्वारा जाँचा गया :	द्वारा स्वीकृत :

[फा. सं. एम.VI-16/51/2021-खानVI]

डॉ. वीणा कुमारी डरमल, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF MINES

NOTIFICATION

New Delhi, the 3rd June, 2022

G.S.R. 415(E).—In exercise of the powers conferred by section 13 read with the second proviso to clause (b) of sub-section (2) of section 10A of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 (67 of 1957), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

CHAPTER I

PRELIMINARY

1. Short title and commencement.— (1) These rules may be called the Reimbursement of Exploration Expenditure Rules, 2022.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.— (1) In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) "Act" means the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 (67 of 1957);

(b) "Claim" means application submitted by the applicant for reimbursement of exploration expenditure in the Form set forth in the Schedule I;

(c) "Claimant" means the applicant of the claim who was the holder of reconnaissance permit or prospecting licence and had acquired a right for obtaining a prospecting licence followed by a mining lease or a mining lease, as the case may be, under clause (b) of sub-section (2) of section 10A of the Act and whose said right had lapsed; and includes the legal representatives, lawful assignee, lawful transferee or successor by the order of a competent court, as the case may be, of such holder of reconnaissance permit or prospecting licence;

(d) "date of lapse" means the date of commencement of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Amendment Act, 2021 (i.e., 28th March, 2021), when the right of the holder of reconnaissance permit or prospecting licence for obtaining a prospecting licence followed by a mining lease or a mining lease, as the case may be, under clause (b) of sub-section (2) of section 10A of the Act had lapsed under the second proviso to the said clause.

(e) "Form" means Form set forth in the Schedule annexed to these rules.

(2) The words and expressions used in these rules, but not defined, shall have the same meaning as assigned to them in the Act or the rules made thereunder.

3. Applicability.— (1) These rules shall be applicable only to such concession holders or applicants who had acquired a right for obtaining a prospecting licence followed by a mining lease or a mining lease,

as the case may be, under clause (b) of sub-section (2) of section 10A of the Act and whose said right has lapsed on the date of lapse.

CHAPTER II

CLAIM PROCESS

4. Claims for exploration expenditure.— (1) A claimant may submit a claim for reimbursement of expenditure incurred towards reconnaissance or prospecting operations to the State Government in the Form set forth in Schedule I to these rules within a period of one year from the date of commencement of these rules with an intimation to the National Mineral Exploration Trust:

Provided that in cases where the period of permit or licence had not expired before the date of lapse,—

